(अत्यावश्यक)

कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/22432/उत्सव (13–ाा)/2023–24/ दिनांक : As in E-Sign

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नो–बैग डे कार्यक्रम अंतर्गत सभी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्र क्रमांक : रास्कूलशिप/जय/समग्र शिक्षा/5769 दिनांक : 26.03.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंगानुसार **राजस्थान दिवस** के उपलक्ष्य में **"नो बैग डे"** कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक : 29.03.2025 (शानिवार) को राज्य के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया जाना है। इस सम्बन्ध में समग्र शिक्षा (FLN) एवं स्टार्स PMU टीम द्वारा विद्यालयों में आयोजित किये जाने हेतु कुछ गतिविधियाँ प्रस्तावित की गई हैं, जिसके अंतर्गत समस्त विद्यालयों में **"नो बैग डे"** के दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा राजस्थान की पारंपरिक पोषाक पहनना, भाषण, कविता, राज्य की स्थानीय भाषा में परिचय दिलवाना इत्यादि शामिल है।

उक्त क्रम में प्रासंगिक पत्रानुसार दिनांक : 29.03.2025 को **"नो बैग डे"** के दिन आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल एवं सुचारू आयोजन बाबत निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं :–

- **शिक्षक और विद्यार्थी द्वारा राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहनना :** विद्यार्थी, शिक्षक और अन्य विद्यालयी कर्मचारी राज्य की पारंपरिक पोशाक पहनकर आयेंगे, जैसे कि कुर्ता, बंधेज साडी, घाघरा, साफा, धोती–कुर्ता, पाजामा, अंगरेखा, राजपूती पोशाक इत्यादि, जिससे उन्हें राज्य के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विविधता को समझने और सराहने का अवसर मिलेगा। यह गतिविधि विद्यार्थियों को राजस्थान की लोक परंपराओं से जुड़ने में मदद करेगी और वे राजस्थान की परंपराओं का अनुभव कर पाएंगे।
- **विद्यालय में भाषण/कविता वाचन गतिविधियाँ :** उक्त गतिविधि अन्तर्गत विद्यार्थी राजस्थानी भाषा में भाषण, कविता या राजस्थानी कवियों/फिल्मों के गीतों की प्रस्तुति देंगे। छात्र–छात्राओं को शिक्षक स्थानीय/राजस्थानी भाषा में कुछ हिंदी फिल्म संवाद बोलने के लिए भी कह सकते हैं, ताकि वे राजस्थानी भाषा के शब्दों को सीख सकें।

❖ **<u>राजस्थानी भाषा के सम्बन्ध में सत्र आयोजन :</u>** शिक्षक विद्यार्थियों को सरल राजस्थानी शब्दों, वाक्यांशों और अभिवादन से परिचित कराने के लिए सत्र का आयोजन करेंगे, जो कि राज्य की स्थानीय बोलियों को बढ़ावा देने का एक मनोरंजक तरीका होगा।

अतः उक्त क्रम में निर्देशित किया जाता है कि राजस्थान दिवस के अवसर पर दिनांक : 29.03.2025 (शानिवार/नो बैग डे) को उक्तानुसार सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल एवं सुचारू आयोजन बाबत आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त विद्यालयों एवं कार्यालयों हेतु वांछित दिशा–निर्देश जारी कर, आयोजित गतिविधियों की सम्बन्धित जिलेवार समेकित सूचना अग्रांकित निर्धारित प्रारूप में आयोजन दिवस के पश्चात् इस कार्यालय की ई–मेल आई.डी. **massecondary@gmail.com** पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवायी जानी सुनिश्चित करेंगे :–

–: निर्धारित प्रारूप :–

राजस्थान दिवस के अवसर पर दिनांक : 29.03.2025 को आयोजित गतिविधियों की जिलेवार समेकित सूचना भिजवाने के सम्बन्ध में।

क्र.सं.	जिले का नाम	आयोजित गतिविधियों का विवरण	आयोजन में सम्मिलित विद्यार्थी संख्या	आयोजन में सम्मिलित विद्यालयी कार्मिक संख्या
1				
2				

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न : यथोक्त।

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में (जरिये ई–मेल)।
3. वरिष्ठ शासन उप सचिव, शिक्षा (गुप–5) विभाग, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
4. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर (जरिये ई–मेल)।

5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करवाये जाने बाबत (जरिये ई–मेल)।
6. निजी सहायक/स्टाफ ऑफिसर, प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई–मेल)।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत (जरिये ई–मेल)।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर। (जरिये ई–मेल)
9. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
10. मेनेजर, गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
11. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
12. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
13. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
14. समस्त संस्था–प्रधान।
15. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :27-03-2025 03:16:23